# प्रेस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन

हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 26 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। इस अवधि के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना द्वारा भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें लुधियाना स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

खेलों के आयोजन से पूर्व उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा फिट रहने की शपथ ली गई। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना के प्रभारी श्री प्राणेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक, सहायक निदेशक श्री पंकज कुमार, सहायक निदेशक श्री सत्यवान सिंह, सहायक निदेशक श्री अश्वनी कुमार सेठ, सहायक निदेशक श्री विक्रम आदित्य सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

उपरोक्त अवधि के दौरान कार्यालय द्वारा क्रिकेट, शतरंज, टेबल टेनिस तथा लेमन रेस का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उल्लेखनीय सहभागिता रही। विभिन्न खेलों के विजेता टीम को दिनांक 30.08.2024 को उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना परिसर में कार्यालय प्रभारी श्री प्रणेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक (प्रभारी) द्वारा ट्रॉफी का वितरण किया गया।